## जनसंख्या के बाद अब सरकार के पास, मकानों का भी पूरा हिसाब

### दो चरणों में घरों की जनगणना, पहली बार डिजिटल प्रक्रिया, 1 मई से 30 मई तक होगा प्रथम चरण का घर-घर सर्वे

**उज्जैन।** देश में वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना की प्रक्रिया अब डिजिटल रूप में शुरू होने जा रही है। इसके प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। यह सिर्फ घरों की गिनती भर नहीं है, बल्कि विकास की ठोस योजना तैयार करने की आधारशिला है। मकान जनगणना के माध्यम से यह जानकारी एकत्र की जाती है कि किसी क्षेत्र में कितने मकान हैं, उनकी स्थिति क्या है, वहां मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, गैस, इंटरनेट आदि उपलब्ध हैं या नहीं। इससे सरकार को यह समझने में मदद मिलती है कि किन क्षेत्रों में आवास, सड़क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं की जरूरत अधिक है।

मकान सूचीकरण से शहरी और ग्रामीण विकास की योजनाएं अधिक सटीक बनती हैं। नई कॉलोनियां, झुग्गी बस्तियों और तेजी से बढ़ती आबादी वाले क्षेत्रों का सही आंकलन होता है। इसी आधार पर भविष्य की योजनाएं, बजट आवंटन और संसाधनों का वितरण तय किया जाता है। कुल मिलाकर सरकार के पास जनसंख्या आबादी के बाद अब मकान का हिसाब किताब भी रहेगा।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसे पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि जनगणना कार्य निदेशालय के माध्यम से प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु 17 फरवरी से 20 फरवरी तक जिला पंचायत उज्जैन में चार्ज अधिकारियों और जनगणना लिपिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जनगणना 2027 में डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा। इसके लिए मकान सूचीकरण ऐप जनगणना ऐप, स्वगणना पोर्टल, सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल तथा हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब मैप ऐप का उपयोग किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फील्ड ट्रेनर्स प्रगणक और पर्यवेक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। जनगणना कार्य में भाग लेने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को शासन द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, जय शहदादपुरी (जनगणना संयुक्त निदेशक एवं राज्यीय प्रशिक्षक), जिला जनगणना प्रभारी तेजेन्द्र, संयुक्त संचालक योजना डॉ. पीएस मालवीय, जिला सांख्यिकी अधिकारी राजश्री सांखला सहित मास्टर ट्रेनर्स और चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।




#### देश की पहली डिजिटल जनगणना-ट्रेनिंग दी जा रही

कलेक्टर सिंह ने बताया कि जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी और यह दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी मकान सूचीकरण के लिए स्वगणना का विकल्प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगा। इसके बाद प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक प्रथम चरण का कार्य पूर्ण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने चार्ज क्षेत्र में विशेष फोकस रखें और निर्धारित प्रपत्र के अनुसार ही जानकारी दर्ज करें। समय-सीमा का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 13 फरवरी को भोपाल में आयोजित हुआ था। जिला स्तर पर मुख्य गणना अधिकारी कलेक्टर होंगे। वर्ष 2011 के बाद अब वर्ष 2026-27 में जनगणना हो रही है। जनगणना का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार का संशय होने पर तुरंत मास्टर ट्रेनर्स से मार्गदर्शन लें। नगरीय निकायों में संबंधित सीईओ इंचार्ज होंगे।

## सड़क चौड़ीकरण निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

### कोयला फाटक से कंठाल चौराहा और खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक गए

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नागरिकों की सुविधा दृष्टिगत नगर निगम के मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करना है। इसी तारतम्य में गुरुवार सुबह कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम के मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कार्यों को तीव्र गति से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों में निर्धारित मापदंडों अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने सबसे पहले मंछामन मार्ग, कोयला फाटक से कंठाल चौराहा और खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट चौराहे तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सड़क चौड़ीकरण कार्य करने वाले संबंधित ठेकेदार को कार्य को समय सीमा में कार्य योजना अनुसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने नगर निगम के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी निर्माण कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की गति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि अब प्रगतिरत कार्यों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है इसके लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बालाजी हॉस्पिटल पर किया 50 हजार का जुर्माना




**उज्जैन।** देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को मिक्स रखने पर नगर निगम द्वारा गुरुवार को 50 हजार का जुर्माना किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की नवीन टूलकिट के अंतर्गत होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों इत्यादि को अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे का निष्पादन करना है। साथ ही अस्पताल से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट कचरे को प्रथक से रखना है। जिसके क्रम में देवास रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल पर गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट के हानिकारक कचरे को मिक्स कचरे में दिया जा रहा है। जिसके क्रम में निगम द्वारा अस्पताल प्रबंधन पर 50 हजार का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार झोन क्रमांक 4 के उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम सोलंकी के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक यश धौलपुरे, दरोगा रितेश सारवान ने की।

## हिंदू युवती के साथ मिला दिल्ली का मुस्लिम युवक

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पास गुरुवार को हिंदू युवती के साथ दिल्ली का मुस्लिम युवक होटल में ठहरने के लिए जा रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली तो पहुंचे और युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। बजरंग दल के जिला संयोजक ऋषभ कुशवाहा ने बताया कि महाकाल मंदिर के पास एक होटल में ठहरने के लिए मुस्लिम युवक पहुंचा था। जानकारी मिलने पर उसे पकड़ा गया और पूछताछ की गई तो वह पहले खुद को हिंदू बताने लगा। लेकिन जब उसे सख्त पूछताछ की गई तो दिल्ली का रहने वाला नसीम अकरम होना सामने आया। उसके साथ हिंदू युवती हिमाचल प्रदेश की रहने वाली थी। मामला लव जिहाद से जुड़ा होने पर पुलिस को सूचना दी गई महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक युवती को अपने साथ लेकर थाने आ गई। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार दोनों खुद को मित्र होना बता रहे है लेकिन मामला दो समुदाय से होने पर युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। युवती के परिजनों को सूचना देकर उज्जैन बुलाया गया है। जिनके आने पर युवती को उनके साथ भेजा जाएगा।

## शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**उज्जैन।** स्वराज स्थापना के महानायक जन-जन के रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित उद्यान में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर महापौर मुकेश टटवाल द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, पंकज चौधरी, लीला वर्मा, बालकृष्ण पटेल, अनिल धर्मे, मुकेश शिंदे, अनिल गावडे, यशवंत इंगले, सुनीता पाटिल, अनीता शिंदे एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।



## सगा भतीजा निकाला चोर, 73 हजार और 9.72 लाख के जेवरात जब्त





**उज्जैन। बेटी के ससुराल रिसेप्शन में गए परिवार के घर हुई चोरी की वारदात का आरोपी परिवार का सगा भतीजा होना सामने आया है। शंका के आधार पर पुलिस ने भतीजे को उज्जैन से हिरासत में लिया। जिसने पूछताछ में चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर 73 हजार रुपए नगद और 9.72 लाख के आभूषण बरामद किए गए हैं। आरोपी को गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।**

बड़नगर के मिर्ची बाजार में रहने वाले नंदकिशोर बाबूलाल की बेटी का इंदौर में विवाह हुआ था। 16 फरवरी को नंदकिशोर और परिवार के लोग इंदौर में आयोजित रिसेप्शन में शामिल होने गए थे। बड़नगर स्थित घर पर नंदकिशोर की मां कलाबाई और मौसी गीताबाई थे। नंदकिशोर का परिवार रात में वापस लौटा तो उपरी मंजिल पर बने कमरे की अलमारी खुली हुई थी और लॉकर में रखें आभूषणों के साथ नगदी गायब थी। रहस्यमय तरीके से हुई चोरी की सूचना पुलिस को दी गई।

बड़नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि नंदकिशोर का सगा भतीजा चंद्रशेखर उर्फ चिंटू पिता राजेंद्र अपनी पत्नी के साथ आया था। शंका के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की वह नागझरी में रहना सामने आया। वैसे मूल रूप से देपालपुर इंदौर का रहने वाला है।

#### 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा-माल भी किया बरामद

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार उपनिरीक्षक चांदनी पाटीदार, नारायण वास्कले, गोवर्धन बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर ,हेमराज खरे, सैनिक भूपेंद्र बैरागी के साथ उज्जैन पहुंचे और नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल की मदद से चंद्रशेखर के घर पर दबिश दी गई। उसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ शुरू की गई तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके घर से सोने चांदी के आभूषणों के साथ 73 हजार रुपए नगद बरामद कर लिए। 24 घंटे में चोरी का खुलासा होने और 10.45 लाख का सामान बरामद होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर बनाकर ले जाया गया। गुरुवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि नंदकिशोर और उसके भतीजे चंद्रशेखर के बीच बातचीत बंद है। बावजूद इसके वह अपनी पत्नी के साथ कार से बड़नगर पहुंचा था। उसने नंदकिशोर की मां के पैर पड़े थे और पत्नी को उनके पास बैठ कर खुद चोरी करने ऊपर कमरे में चला गया था। जहां लोहे की रोड से उसने अलमारी का लॉकर तोड़कर आभूषण और नगद रुपए चोरी किए थे।

## एक नजर में

### वायु ऊर्जा की आपूर्ति के लिए किया गठजोड़

**उज्जैन।** वायोना एनर्जी ने स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी), ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ भारतीय बाज़ार में अपने पहले सौदे की घोषणा की है। वायोना एनर्जी, भारत और दक्षिण एशिया की प्रमुख विंड टर्बाइन ओईएम के तौर पर, हरित ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने और पूरे क्षेत्र में वहनीय बिजली समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वायोना एनर्जी, इस समझौते के तहत, आंध्र प्रदेश के कडप्पा में एक परियोजना के लिए 18 एसजी 3.6-145 विंड टर्बाइन, कुल 64.8 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगी। साथ ही इसमें एक दीर्घकालिक परिचालन और रख-रखाव का अनुबंध भी शामिल है। सीमेंस गेम्सा से अधिग्रहण के बाद, भारतीय बाज़ार में हमारे हालिया प्रवेश के बाद अब, वायोना, भारत और श्रीलंका में तटवर्ती (ऑनशोर) वायु ऊर्जा समाधान के विस्तार की स्पष्ट रणनीति के साथ बाज़ार में आ रही है। वायोना एनर्जी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रशांत जैन ने कहा हमने 1 गीगावाट से अधिक के उल्लेखनीय ग्राहक ऑर्डर बुक और 97 गीगावाट के ओएंडएम पोर्टफोलियो के साथ शानदार शुरुआत की है। ऑयस्टर एनर्जी से मिले इस ऑर्डर से हमारे ग्राहकों के बीच हमारे उत्पादों और क्षमताओं में विश्वास और दृढ़ होगा। भारतीय बाज़ार के लिए हमारी प्रतिबद्धता अटूट है हम प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए तैयार अनुकूलित पेशकशों के साथ प्रगति कर रहे हैं। हम भारत के विस्तृत होते अक्षय ऊर्जा परिदृश्य में अपनी सेवा प्रदान करने के लिए तत्परता और नवोन्मेष के साथ ग्राहकों की अलग-अलग किस्म की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार हो रहे हैं। हम ऑयस्टर एनर्जी के आभारी हैं कि उसने भारत में अपने अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो का निर्माण प्रक्रिया में हम पर भरोसा जताया है।



### महापौर ने सीएमओ को 2 पीओएस मशीन दी

**उज्जैन।** स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के अंतर्गत उन्हेल नगर परिषद द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से गंदगी करते पाए जाने वालो पर डिजिटल चालानी कार्रवाई की जाएगी। जिसके क्रम में गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल ने उन्हेल नगर परिषद के सीएमओ को 02 नग पीओएस मशीन भेंट की। स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान अंतर्गत उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा सीएसआर गतिविधि अंतर्गत एचडीएफसी बैंक के माध्यम से 02 नग पीओएस मशीन उन्हेल नगर परिषद टीम को उपलब्ध करवाई गई है। जिससे उन्हेल नगर परिषद टीम द्वारा मशीन के माध्यम से चालान बनाया जाएगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का उल्लंघन करने पर डिजिटल रूप से चालान बनाया जाएगा। जिसमें की गंदगी करने, कचरा अलग-अलग नहीं करने, खुले में मल बहाने, अमानक प्लास्टिक का उपयोग करने, खुले में कचरा फेंकने, कचरा जलाने इत्यादि पर किया जाएगा। इस दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, उन्हेल नगर परिषद के सीएमओ संजय देवड़ा, उपयंत्री लखन वाघेला, उज्जैन नगर निगम स्वच्छ भारत अभियान के पीआईयू भूषण व्यास, विनीत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में नि:शुल्क संध्या आरती व शयन आरती की सुविधा पहले भी थी, अभी भी है और आगे भी जारी रहेगी। अब यह सुविधा भी दी गई है कि श्रद्धालु पहले से ऑनलाइन बुकिंग कर सकें, ताकि उन्हें आरती के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े और वे सुगमता से दर्शन-आरती का लाभ ले सकें। यह कदम पारदर्शिता और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। पूरे देश की जनता जानती है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश और विदेश में भ्रम फैलाने का काम करते है वही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश में भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस और उनके नेता धर्म के मामलों में भी राजनीति करते हैं और महाकाल मंदिर जैसे पवित्र स्थल को लेकर अनावश्यक जनता के बीच भ्रम फैलाते हैं। हमेशा से ही कांग्रेस पार्टी के हताश निराश नेताओं का काम झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का रहा है। झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस के पास न तो कोई रीति है ना नीति है नहीं कार्यक्रम इन्हें विकास से कोई लेना देना नहीं है।

### जुटाया गया फंड, सौंपी सहायता राशि

**उज्जैन।** उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों ने सामाजिक सरोकार और शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। एल्यूमनी एसोसिएशन की ओर से कॉलेज के छात्रावास में निवास करने वाली प्रथम वर्ष की जरूरतमंद छात्राओं को उनके अध्ययन में सहयोग के लिए 66,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। 28 दिसंबर 2025 को उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज की एल्यूमनी एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर ने पूर्व छात्रों से जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आने का आव्हान किया था। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि एकत्रित की। एकत्रित की गई यह 66 हजार रुपये की सहयोग राशि एल्यूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजीनियर कोमल भूतड़ा द्वारा छात्राओं को सौंपी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर ने सभी पूर्व छात्रों का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रिमांड पर बैंक खाता खुलवाकर साइबर फ्रॉड करने वाला

### आर्थिक लाभ का प्रलोभन देकर लोगों को बनाता था शिकार

**उज्जैन। आर्थिक लाभ का प्रलोभन देकर लोगों के बैंक खाता खुलवाकर साइबर फ्रॉड और अवैध ट्रेडिंग में उपयोग करने वाले गिरोह का एक सदस्य पुलिस की हिरासत में आ गया है। जिससे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है गिरोह में 40 सदस्य होना सामने आए हैं जिनकी तलाश शुरू की गई है।**

चिमनगंज थाना पुलिस को मंगल नगर में रहने वाले विशाल चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कोयला फाटक चौराहे पर उसकी मुलाकात वाजिद नामक व्यक्ति से हुई। जिसने स्वयं को लोगों के बैंक खाते खुलवाने वाला बताते हुए कहा कि वह उनके खातों के माध्यम से लेन-देन कर उन्हें अच्छा कमीशन देता है। आरोपी ने फरियादी को भी खाता खुलवाकर उसे सौंपने का लालच दिया। जब फरियादी ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और वाहिद की तलाश शुरू की। जिसे बुधवार को हिरासत में लिया गया तो सामने आया कि वाजिद पिता शरीफ जलावत 29 वर्ष निवासी चन्द्रवतीगंज जिला इंदौर का रहने वाला है। उसे न्यायालय में पेश किया गया और तीन दिन की रिमांड पर लिया गया। इस दौरान सामने आया कि वह संगठित रूप से गिरोह में शामिल है। लालच देकर लोगों के खाते खुलवाए जाते हैं। जिसका उपयोग साइबर फ्रॉड और अवैध ट्रेडिंग की राशि में लेनदेन के लिए किया जाता है। पूरे गिरोह में 40 लोग शामिल हैं। पुलिस ने वाहिद से तीन मोबाइल फोन एटीएम कार्ड बैंक पासबुक और चेक बरामद किया है। संभावना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों के हिरासत में आने पर बड़ा खुलासा हो सकता है।

## सेवानिवृत्ति केशियर को कार ने कुचला, मौत

**उज्जैन। तेजगति से दौड़ती कार ने स्कूटी सवार सेवानिवृत्ति कैशियर को कुचल दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।**

विकास नगर में रहने वाले कृष्ण मोहन पिता मदन मोहन अवस्थी 68 वर्ष बिजली विभाग में केशियर के पद से सेवानिवृत हुए थे। बीती शाम इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में लगे वाहन मेले में कार खरीदने के लिए मॉडल देखने गए थे। जहां से स्कूटी पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज मार्ग पर तेज गति से आई कार ने उन्हें कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर मौके पर उनकी मौत हो गई। चालक कार लेकर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। बॉडी को अस्पताल पहुंचाया गया और उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश की जा रही है।

#### ढाबा कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

**उज्जैन।** सागर का रहने वाला सुरेश पिता नर्मदा प्रसाद गुप्ता 70 वर्ष इंदौर रोड स्थित ग्राम डेडिया में ढाबे पर काम करता था। गुरुवार सुबह पैदल टहलने के लिए निकला था उसी दौरान गश खाकर गिर पड़ा। लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सुरेश गुप्ता की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई गई। मृतक के पास से मिले मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान कर ढाबा मालिक को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया।

**श्रद्धालुओं में खुशी** मंदिर समिति की इस सुविधा पर श्रद्धालु बोले-250 रुपए शीघ्र दर्शन लग रहे हैं, यहां तो आरती मिल रही

## भगवान महाकाल की संध्या आरती की बुकिंग से श्रद्धालु खुश, पहले दिन 256 से ज्यादा शामिल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** देशभर के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने गुरुवार से भस्मारती की तर्ज पर रोज शाम होने वाली संध्या आरती व रात में होने वाली शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की। इसे आम श्रद्धालुओं ने काफी पसंद किया। यहीं कारण है कि पहले दिन ही 256 से अधिक श्रद्धालु संध्या आरती में ऑनलाइन बुकिंग के जरिए शामिल हुए। इतना ही नहीं आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने यह तक कहा कि 250 रुपए कोई शुल्क ज्यादा नहीं है। वैसे भी मंदिर आते तो शीघ्र दर्शन की टिकट के ही 250 रुपए लग जाते हैं। ऐसे में उतना ही शुल्क देकर यदि आरती में शामिल होने का मौका मिल रहा है तो क्या बुरा है। श्रद्धालु खुशी-खुशी संध्या आरती में शामिल हुए और बड़े आराम से बैठकर पूरी आरती देखी। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि अभी तक भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग होती थी। इसका शुल्क 200 रुपए निर्धारित है। चूंकि बाबा महाकाल की संध्या आरती व शयन आरती का भी अपना क्रेज है और श्रद्धालु इन आरतियों में भी शामिल होना चाहते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यह नई सुविधा प्रारंभ की गई है।



#### श्रद्धालु से अपील बिचौलियों को पैसे न दें

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने संध्या आरती एवं शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था गुरुवार से प्रारंभ की है। पहले दिन व्यवस्था का समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने मंदिर परिसर में आरती स्थल, प्रवेश मार्ग, काउंटर व्यवस्था, तकनीकी नियंत्रण कक्ष तथा पोर्टल संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया व आम श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे किसी बिचौलियों, अनधिकृत व्यक्तियों को बुकिंग के पैसे न दे। संध्या आरती की ऑनलाइन बुकिंग प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। शयन आरती की प्रतिदिन शाम 4 बजे से। दोनों आरतियों हेतु प्रवेश द्वार क्रमांक 1 निर्धारित है। संध्या आरती के लिए प्रवेश का अंतिम समय शाम 6 बजे रहेगा। शयन आरती के लिए प्रवेश का अंतिम समय रात 10 बजे तक होगा।

#### बिना बुकिंग वाले भी पूर्व की तरह नि:शुल्क चलित दर्शन कर सकेंगे

मंदिर में रोज शाम को होने वाली संध्या आरती व रात की शयन आरती में आम श्रद्धालु जिन्होंने इसकी बुकिंग नहीं कराई है तथा कोई शुल्क भी जमा नहीं किया है वे पूर्व की तरह ही नि:शुल्क दर्शन कर सकेंगे। उन्हें समिति चलित दर्शन की सुविधा देगी। श्रद्धालु दोनों आरतियों के लिए केवल मंदिर की इस अधिकृत वेबसाइट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in/ के माध्यम से ही बुकिंग कर सकेंगे। इसके अलावा किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर या निजी वेबसाइट आदि पर आरतियों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। फर्जी वाड़ा रोकने के लिए समिति ने इसके लिए केवल अधिकृत वेबसाइट पर ही बुकिंग का ऑप्शन दिया है।